
वर्ष 1 - अंक 4
शनिवार 16 नवम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स



## ग्राम सिंहासा की श्री पाशर्वनाथ एवेन्यू

# कालोनी नाइजर दीपक सुराना की मनमानी

शिकायत को साल भर से ऊपर परन्तु अधिकारी अभी भी मौन

कालोनी में गांव ठान कि भूमि (शासकीय)होने का दावा

आदित्य शर्मा

इंदौर। ग्राम सिंहासा में कटी कालोनी श्री पाशर्वनाथ एवेन्यू जिसका कालोनी नाइजर दीपक सुराना द्वारा अपनी मनमानी करी जा रही कॉलोनी में कई हिस्सा शासकीय हे। परन्तु कालोनी नाइजर द्वारा उसे भी अपने हित के लिए उपयोग किया गया हे एवं उस भूमि को भी अपनी कॉलोनी के अंतर्गत जोड़ लिया इस कृत्य की शिकायत करे।

लगभग एक वर्ष हो चुका हे परन्तु अधिकारीअभीभीअपनीचुप्पीसाधेहुएहे जब हमारे द्वारा शिकायत करता अजय जी शर्मा से चर्चा करी तो उन्होंने बताया कि में इस गांव में बचपन से निवास करता हु एवं मेरे घर के पीछे ही यह कालोनी का निर्माण किया गया जो कि गलत हे क्योंकि कॉलोनी में लगभग तिस से चालीस फीट हिस्सा सरकारी हे जो कि गांव ठान की भूमि हे जिसपे कॉलोनाइजर दीपक सुराना द्वारा कालोनी काटी गई हे जब इसकी शिकायत मेरे द्वारा पंचायत में गई तो पंचायत द्वारा नोटिस दिया गया परन्तु





किसी प्रकार की कोई कारवाही नहीं हुई हे इसके पश्चात मेरे द्वारा इसकी शिकायत तहसील दार और कलेक्टर कार्यालय में की गई हे जिसपे भी अभी तक कोई कारवाही नहीं हुई हे तो वहीं शिकायत करता द्वारा कहा गया कि क्या कालोनी नाइजर शासन और प्रशासन से बड़े हो गए हे क्या वो इसी तरीके से मनमानी कर के सरकारी जमीन पे कब्जा करते रहेंगे।

**शिकायत करता**
**अजय शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष**
**मानव अधिकारी संघ**



अजय शर्मा





# 'बंटोगे तो कटोगे'

## नारे पर धीरेंद्र शास्त्री ने कह दी बड़ी बात

मप्र। बागेश्वर धाम के महंत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हमारे देश में सबसे बड़ी समस्या जात-पात और ऊंच-नीच की है, सबको एक साथ लाने के लिए और हिंदुओं को जगाने के लिए हम यात्रा निकालेंगे।

लोगों से भिक्षा मांगेंगे, 'बंटोगे तो कटोगे' के नारे पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि अगर यह राजनीतिक नारा है तो हम कुछ नहीं कह सकते लेकिन सामाजिक रूप से यह बिल्कुल सही है यदि हम बंटेंगे तो कटेंगे, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हम (हिंदू) धीरे-धीरे अल्पसंख्यक हो जाएंगे, कई देशों में रहने वाले हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं, कनाडा के हिंदुओं को भगा दिया जाता है, हिंदुओं के लिए एक भी जगह नहीं है जहां वह सुरक्षित हों। 21 नवंबर से हम 160 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अगर महंत होने के नाते नारा दिया है तो हम इसको लेकर कहेंगे कि अगर भारतीय बटेंगे तो चीन और पाकिस्तान हमें काटेंगे।

### देश के विरोधियों को न दें पनाह- धीरेंद्र शास्त्री

घुसपैठियों का मुद्दा बीजेपी झारखंड के चुनाव में जोर-शोर से उठा रही है. घुसपैठियों के मुद्दे पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि इस देश में प्रायोजित तरीके से षड्यंत्र चल रहा है, जिन्हें गजवा-ए-हिंद चाहिए वे अपनी संख्या बढ़ा रहे हैं, रोहिंग्याओं को बुला-बुला कर भारतीय नागरिक बनाकर विधर्मी अपनी सत्ता जमाना चाहते हैं, भारतीयों को, हमको, आपको जागना होगा और देश विरोधियों को देश में पनाह नहीं देंगे।

### 'मजारों के सामने हिंदुओं की दुकान लगती है क्या?'

अगले साल उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होना है इस पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, ''हमने पहले कहा है, मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है।

### मक्का-मदीना में हमें बुलाया नहीं जाता

अगर आप इतने उदारवादी हैं तो मक्का मदीना में हमारी दुकान लगाइए। भारतीयों में इतने गरीब हैं तो मजारों के सामने हमारी दुकान लगती हैं क्या। आपको त्रिवेणी का ज्ञान नहीं, संगम, संतों का, कथा का ज्ञान नहीं तो आप वहां जा क्यों रहे हो.''।



---

### इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर इंदौर के नायब तहसीलदार कार्यालय द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करी जा रही है

इंदौर। अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए। यह कार्यवाही ग्राम बिलावली में सर्वे क्रमांक 77 पर हनी छाबड़ा द्वारा किए गए अतिक्रमण के संबंध में है, जिसके लिए पहले ही बेदखली आदेश जारी किया जा चुका हैं रिमूवल की कार्रवाई की जा रही है एसडीएम को तहसीलदार और निगम की टीम मौके पर मौजूद रही।

## 19 साल बाद फिर से दौड़ेंगी सरकारी बसें

### यानी... राज्य परिवहन पुनर्जीवित

**मप्र सरकार प्रयोगिक तौर पर सबसे पहले आदिवासी बाहुल्य संभागों व कुछ जिलों में सड़क परिवहन सेवा को शुरू करने के प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश में 19 साल से बंद पड़ी सस्ती और टिकाऊ लोक परिवहन सेवा नए साल 2025 के पहले बहाल हो सकती है। मोहन यादव सरकार ने इस पर फोकस बढ़ा दिया है। सरकार प्रयोगिक तौर पर सबसे पहले आदिवासी बाहुल्य संभागों व कुछ जिलों में सड़क परिवहन सेवा को शुरू करने के प्रयास कर रही है।**

एक पीपीपी मोड पर सेवाएं शुरू करने और दूसरा 100 फीसद विभागीय नियंत्रण में सस्ती लोक परिवहन सेवा देने से जुड़ा है। अब यह जिम्मेदारी आइएएस मनीष सिंह को दे दी गई है। सोमवार देर रात किए गए तबादलों में सिंह को परिवहन विभाग का अपर सचिव बनाया है। साथ ही मप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध संचालक की जिम्मेदारी भी दी है। अब तक यह जिम्मेदारी संजय कुमार जैन के पास थी जो सरकार की मंशा के अनुरूप सड़क परिवहन निगम को दोबारा चालू करने के अलग-अलग प्रस्ताव पर काम कर रहे थे।

### मंत्री ने बताया- तेजी से चल रही तैयारियां

परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने चर्चा में दोहराया कि विभाग तेजी से काम कर रहा है। कई स्तर पर 50% काम कर चुके हैं संभवतः जनवरी के पहले टिकाऊ लोक परिवहन सेवा को शुरू कर देंगे। विभाग के स्तर पर योजनाएं बनाई जा रही है, जिसे सीएम के सामने प्रस्तुत करेंगे, उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ेंगे।

### इन पर चल रहा काम

ज्यादातर बसें इलेक्ट्रिक हो, जो जीपीएस सिस्टम आधारित हो। इनमें यात्रियों को पारदर्शी किराया व्यवस्था के साथ निगरानी ऑनलाइन हो सके।

यात्रियों को अग्रिम किराया भुगतान व कार्ड की व्यवस्था मिले।

सीसीटीवी आधारित सुरक्षा हो, पिछली व्यवस्था की तरह लापरवाही की गुंजाइश बिल्कुल न हो। ऐसे सुधार और पूर्णतः आधुनिक कार्य शैली के साथ बसे प्रारंभ होगी

# इंदौर में वीकेंड होम्स की बढ़ती मांग

# खंडवा रोड बना प्रमुख आकर्षण केंद्र

रंजीत टाइम्स के लिए, खंडवा रोड और महू में इन वीकेंड होम्स के नए विकास कार्यों पर आपकी पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत है। यहां निवेश का यह सुनहरा अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहा है।





**इंदौर।** मध्य प्रदेशः इंदौर, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और शहरी गतिशीलता के लिए प्रसिद्ध है, अब वीकेंड होम्स और फार्महाउस के शौकीनों का केंद्र बनता जा रहा है। शहर के व्यस्त जीवन से दूर शांति की तलाश में, लोग अब प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिक सुविधाओं से लैस वीकेंड होम्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इस दिशा में खंडवा रोड और महू के क्षेत्रों में प्रमुखता से विकास हो रहा है, जो निवेशकों और गृह-खरीदारों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है।

## खंडवा रोडः शांति और आराम का संगम

खंडवा रोड की भौगोलिक स्थिति इसे निवेशकों और फार्महाउस प्रेमियों के लिए आदर्श बनाती है। इस क्षेत्र में आधुनिक टाउनशिप्स के साथ ही प्राकृतिक परिवेश की सहज उपलब्धता है। यहां सड़क के दोनों ओर हरे-भरे पेड़ और पहाड़ियां लोगों को प्रकृति से जुड़ने का अनोखा अवसर प्रदान करती हैं।

## सुविधाओं का विस्तार

खंडवा रोड पर स्थित इन वीकेंड होम्स में रहने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जैसे कि 24x7 सुरक्षा, बिजली, पानी की आपूर्ति, और हाई-स्पीड इंटरनेट। इसके अलावा, इन फार्महाउसों में स्विमिंग पूल, बच्चों के लिए प्ले एरिया और गार्डन जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं, जो इसे एक आदर्श रेजिडेंस विकल्प बनाते हैं।

## पर्यटन और स्वास्थ्य लाभ

महू और खंडवा रोड का क्षेत्र न केवल निवेश के लिए उपयुक्त है, बल्कि यह स्वास्थ्य और पर्यटन के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है।

आसपास की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक हैं। यहां समय बिताने से आपको शहर के शोरगुल से मुक्त होकर एक ताजगी का अहसास होता है।

## भविष्य की संभावनाएं

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में खंडवा रोड और महू क्षेत्र में निवेश और भी बढ़ेगा। यहां नए प्रोजेक्ट्स की योजना बनाई जा रही है जो निवासियों को आधुनिक जीवनशैली के साथ ही प्रकृति से जुड़ने का अनोखा अवसर प्रदान करेंगे।





# सोने चांदी के 108 रथ सड़कों पर निकले

## लाखों की भीड़ उमड़ी, देशभर से पहुंचे लोग

**इंदौर। बिते कल** शुक्रवार को सिद्ध चक्र महामंडल विधान के समापन पर एक भव्य रथयात्रा (रथावर्तन) निकाली गई, जिसमें देशभर से आए 108 रथों ने हिस्सा लिया। बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से आए इन रथों ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। यात्रा में दो रथ सोने के, दो रजत के, और 35 से अधिक रथ सोने-चांदी, अन्य धातुओं और बहुमूल्य लकड़ियों से बनाए गए थे। यह संभवतः पहली बार हुआ कि इतने बड़े पैमाने पर विभिन्न राज्यों से इतने सारे रथ एक ही शहर में एकत्र हुए हों, जिससे यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी मौजूद

यह भव्य यात्रा विजय नगर स्थित बिजनेस पार्क आईडीए ग्राउंड से शुरू हुई। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जो इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को देखने आए थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी इस यात्रा का गवाह बनने के लिए मौजूद थी, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद इस यात्रा का रिकॉर्ड भी दर्ज हो सकता है।

### कई राज्यों की संस्कृति दिखी

यात्रा बिजनेस पार्क आईडीए ग्राउंड से आरंभ होकर एलआईजी चौराहा और पाटनीपुरा चौराहे तक पहुंची। इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल लोग पारंपरिक परिधान और देशभक्ति की भावना में लीन दिखे। पारंपरिक भारतीय पोशाकों में सजे हुए श्रद्धालुओं ने यात्रा को एक रंग-बिरंगी छटा प्रदान की। इसके साथ ही, आदिवासी परिधान में मौजूद लोगों ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे यात्रा में सांस्कृतिक विविधता भी झलकी। रथयात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने इस धार्मिक आयोजन में अपना योगदान दिया और यात्रा के उल्लास को बढ़ाया।

### मालवा में पहली बार इतना भव्य आयोजन

राहुल जैन, जो धर्म प्रभावना समिति के प्रचार प्रमुख हैं, ने बताया कि यह 108 सिद्ध चक्र महामंडल विधान, जो संभवतः पहली बार मालवा की धरती पर हो रहा है, मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। इस यात्रा में कुछ रथ ऐसे भी शामिल हैं जो विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलते, केवल भारत में ही पाए जाते हैं। महोत्सव अध्यक्ष नवीन गोधा ने बताया कि यह रथयात्रा 4 से 4.50 किमी लंबी रहेगी और हर रथ की अपनी एक विशेष महिमा है। परंपरागत रूप से महावीर जयंती पर रथ यात्रा निकाली जाती है, लेकिन इस बार गुरु प्रमाण सागर जी के सानिध्य में सभी विशेष रथों को इंदौर बुलवाया गया है।

### एक महीने तक की तैयारियां

धर्म प्रभावना समिति के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन के अनुसार, मुनि महाराज की आज्ञा पर दिगंबर जैन समाज के सभी प्रसिद्ध रथों को एकत्र करने का कार्य किया गया है। इन रथों को इंदौर में एकत्र करने के लिए एक महीने पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थीं।

# विधायक-सांसदों पर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की नजर, संगठन चुनाव में समर्थक या रिश्तेदारों की नहीं कर पाएंगे नियुक्ति

भोपाल। भाजपा के संगठन चुनाव पर केंद्रीय नेतृत्व की विशेष नजर है। इसके लिए जारी हाईकमान के निर्देश में कहा गया है कि बूथ, मंडल या जिलाध्यक्ष के चुनाव निष्पक्ष और सर्वसम्मति से होने चाहिए। विधायक या सांसद अपने समर्थक या रिश्तेदार को संगठन में बैठाने का प्रयास करें तो उसे सफल न होने दिया जाए। इसका सीधा आशय यही है कि कोई भी जनप्रतिनिधि संगठन को जेब में रखने यानी अपनी मर्जी से चलाने की कोशिश करेगा तो ऐसे प्रयास को विफल कर देना है।

### 14 नवंबर से बूथ कमेटी के चुनाव से जुड़े प्रभारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए

जनप्रतिनिधियों के घर बैठकर संगठन चुनाव की औपचारिकता नहीं निभाई जाए। इसकी वजह यह मानी जा रही है कि मध्य प्रदेश में सत्ता शीर्ष पर जो पीढ़ी परिवर्तन हुआ है, उससे संगठन प्रभावित नहीं हो। बता दें, भाजपा के संगठन पर्व के तहत 14 नवंबर से बूथ कमेटी के चुनाव शुरू हो रहे हैं, जो 20 नवंबर तक चलेंगे।

मध्य प्रदेश का भाजपा संगठन पार्टी की प्रयोगशाला भाजपा का संगठन पर्व पर हमेशा से ही सर्वाधिक फोकस रहता है। मध्य प्रदेश को लेकर केंद्रीय नेतृत्व विशेष तौर पर गंभीर रहता है। इसका कारण यह है कि मध्य प्रदेश का भाजपा संगठन पार्टी की प्रयोगशाला रही है। संगठन क्षमता यहां इतनी मजबूत है कि चुनाव हो या कोई अन्य चुनौती, पार्टी का प्रदर्शन सदैव श्रेष्ठ रहा है। यही वजह है




कि पार्टी संगठन चुनाव में किसी तरह की कोई कोताही बरतना नहीं चाहती। स्व. कुशाभाऊ ठाकरे, प्यारेलाल खंडेलवाल, कैलाश जोशी और राजमाता विजयाराजे सिंधिया को प्रदेश में संगठन की मजबूत नींव रखने का श्रेय दिया जाता है।

### बुदेलखंड से मिलती रही हैं शिकायतें

पिछले संगठन चुनाव में बुंदेलखंड के एक बाहुबली विधायक ने अपने घर पर ही संगठन चुनाव की सारी प्रक्रिया पूरी करवा ली थी। बाद में शिकायत मिली तो नए सिरे से प्रक्रिया करवाई गई। महाकोशल और विंध्य क्षेत्र में कुछ ताकतवर मंत्रियों ने भी अपने समर्थकों को ही पदाधिकारी बनवा दिया था। पार्टी चाहती है कि ऐसे किसी मामले की पुनरावृत्ति न हो।

### बूथ कमेटियों का गठन

22 नवंबर को दिल्ली में बैठक संगठन चुनाव के पहले चरण में 14 से 20 नवंबर तक संगठन चुनाव का पहला चरण पूरा हो जाएगा। इसमें बूथ कमेटियों का गठन हो जाएगा। मंडल और जिलाध्यक्ष के चुनाव से पहले 22 नवंबर को सभी राज्यों के चुनाव प्रभारियों की दिल्ली में बैठक होगी, जिसमें अगले चरणों की तिथि तय की जाएगी। पार्टीनेताओं का यह भी आकलन है कि इस बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकारी अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है।